हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 19 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 33 .0 डिग्री
न्यूनतम 25 .0 डिग्री


10 खटीक समाज धर्मशाला निर्माण राशि में गड़बड़ी


10 स्वच्छता अभियान को नई रफ्तार, वार्ड 14 को जीरो वेस्ट...

## खबर संक्षेप

### मोटरसाइकिल चोरी के मामले में आरोपी काबू

**हिसार।** मोहल्ला डोगरान चौकी पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में एक आरोपी सतनाली निवासी बनवारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस चौकी में महावीर कॉलोनी निवासी आशीष ने मोटरसाइकल चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी। उसने बताया कि 12 अगस्त को उसने अपना मोटरसाइकिल मिराज सिनेमा के पीछे पार्क किया और वह लाइब्रेरी चला गया। वापस आने पर मोटरसाइकिल उसे वहां नहीं मिला। पुलिस ने इस मामले में दर्ज केस में कार्रवाई करते हुए उपरोक्त आरोपी को गिरफ्तार किया है।

### चोरी मामले में उद्घघोषित आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** विशेष अभियान के तहत पीओ स्टाफ हांसी पुलिस ने उद्घघोषित आरोपी सुनील निवासी इंद्रा कॉलोनी हांसी को गिरफ्तार किया गया। पीओ स्टाफ इंचार्ज आशा राम ने बताया कि अदालत ने आरोपी को थाना शहर हांसी में दर्ज चोरी के एक मामले में उद्घघोषित आरोपी करार दिया हुआ था। पीओ स्टाफ हांसी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है।

### बीरेन्द्र और बृजेंद्र 21 को बरवाला में लेंगे बैठक

**बरवाला।** कांग्रेस की जन अभियान के तहत 21 सितम्बर को मंडी मार्ग पर स्थित श्री कृष्ण धर्मशाला बरवाला के प्रांगण मे बैठक आयोजित होगी। इस बैठक मे पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन मे और उपाध्यक्ष विदेशी मामले विभाग व पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह के नेतृत्व में तथा जिला कांग्रेस ग्रामीण कमेटी अध्यक्ष बृज लाल की अध्यक्षता मे सभी कांग्रेसजन हिस्सा लेंगे। यह जानकारी वरिष्ठ कांग्रेसी नेता उदयवीर सिंह पूनिया ने दी।

### एयरपोर्ट, गुजवि तथा एचएयू में होने वाले कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री करेंगे शिरकत

# डॉट ऑन टारगेट डिवीजन व प्रशासन के प्रयासों से एयरपोर्ट पर होगा एयर शो

- सीएम सैनी का संडे को हिसार के व्यस्त दौरे पर रहेंगे, डीसी अनीश यादव ने सीएम दौरा कार्यक्रम की तैयारियों का किया निरीक्षण

### हिसार में दिखेगा आकाशीय रोमांच का अद्भुत नजारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 21 सितंबर को अपने व्यस्त दौरे पर आएंगे। इस दौरान सीएम सैनी रविवार को महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट परिसर में होने वाले एयर शो, गुजवि तथा हकृवि आयोजित कार्यक्रमों में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। सीएम के व्यस्त दौरे को देखते प्रशासन अलर्ट हो गया है। सीएम के कार्यक्रम स्थल पर पुलिस के पुख्ता प्रबंध किए जा रहे हैं। उधर, उपायुक्त अनीश यादव ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के साथ 21 सितंबर को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम के मद्देनजर की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने सबसे पहले भारतीय सेना की डॉट ऑन टारगेट डिवीजन तथा भारतीय वायु सेना की सूर्य किरण टीम के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ व्यापक चर्चा की महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डा परिसर में होने वाले एयर शो को लेकर मौके का मुआयना किया।

#### ऐतिहासिक और मनमोहक दृश्य का गवाह बनेगा हिसार

डॉट ऑन टारगेट डिवीजन और जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयासों से आगामी 21 सितम्बर को शहर एक ऐतिहासिक और मनमोहक दृश्य का गवाह बनेगा। इस दिन सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम अपने अद्वितीय और रोमांचक हवाई करतबों से आकाश को सजाएगी तथा दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देगी। यह प्रदर्शन विशेषकर युवाओं में देशभक्ति, ऊर्जा और गर्व की भावना को और अधिक प्रबल करने का उद्देश्य रखता है। डीसी अनीश यादव ने बताया कि एयर शो में नागरिक एवं सैन्य गणमान्यजन, पूर्व सैनिक, विद्यालयों के छात्र-छात्राएँ तथा बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहकर भव्य कार्यक्रम के साक्षी बनेंगे। यह आयोजन न केवल डॉट ऑन टारगेट डिवीजन और जिला प्रशासन के समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है, बल्कि यह नागरिकों को एक अविस्मरणीय अनुभव भी प्रदान करेगा।


हिसार। मुख्यमंत्री के दौरे तैयारियों का निरीक्षण करते उपायुक्त अनीश यादव व अन्य ।

#### सीएम सड़कों की कारपेटिंग कार्य का करेंगे शुभारंभ

डीसी अनीश यादव हवाई अड्डे के उपरांत गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पहुंचे। यहां से मुख्यमंत्री विभिन्न निर्माण एजेंसियों द्वारा किए जाने वाले 75-75 सड़कों की कारपेटिंग कार्य का शुभारंभ करेंगे। उन्होंने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का दौरा कर दो दिवसीय कृषि मेले के आयोजन स्थल का निरीक्षण कर किसानों और आगंतुकों की सुविधाओं से जुड़ी व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। इस अवसर पर हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, बरवाला एसडीएम वेदप्रकाश बेनीवाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।




हिसार। कार्यक्रम को संबोधित करते विशेष आमंत्रित वक्ता।

# पालतु पशु उद्योग आज तीव्र गति से प्रगति की राह पर : कुलपति

- लुवास में पालतु पशु चिकित्सकों के लिए नई तकनीकों पर राष्ट्रीय सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

लाला लाजपत राय पशु-चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय के अंतर्गत कैंपस प्लेसमेंट सेल 'पशु-चिकित्सा नवाचार को आगे बढ़ानाः पालतु पशु चिकित्सकों के लिए उभरती तकनीकें' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा रहे। कुलपति ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पालतु पशु उद्योग आज तीव्र गति से प्रगति कर रहा है और आने वाले समय में इस क्षेत्र में विशेषज्ञों की भारी मांग होगी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को चाहिए कि वे केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित न रहें, बल्कि व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने के लिए हर अवसर का लाभ उठाएं। निजी प्रैक्टिस की चुनौतियां कठिन जरूर हैं, लेकिन यदि छात्र उन्हें साहस और सकारात्मक सोच के साथ अपनाएँ तो ये चुनौतियां आगे चलकर उनके करियर को नई दिशा देंगी। इस अवसर पर मैक्सपेट्ज़ इंडिया के निदेशक एवं विश्वविद्यालय के गौरवशाली पूर्व छात्र डॉ. कुनाल देव शर्मा विशेष आमंत्रित वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। डॉ. शर्मा देश के अग्रणी पालतु पशु विशेषज्ञों में शुमार किए जाते हैं। सेमिनार के मंच पर निदेशक, छात्र कल्याण डॉ. सज्जन सिहाग तथा वेटरनरी साइंसेज कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. गुलशन नारंग भी

### पशु चिकित्सक ने लिफ्ट ली तो गाड़ी में सवार युवकों ने जबरदस्ती से करवाई पैसों की ट्रांजैक्शन, केस दर्ज

**नारनौंद।** बास थाना क्षेत्र में चार युवकों द्वारा जबरन कार में बैठाकर एक युवक से पैसे ऐंठने का मामला सामने आया है। सिंघवा खास गांव निवासी प्रवीन ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसके साथ 14 सितम्बर की शाम को यह घटना घटी। पीड़ित प्रवीन कुमार ने बताया कि वह पेशे से पशु-चिकित्सक है और उस दिन करीब 7:15 बजे बाइक से दवाई लेने भैणी महाराजपुर जा रहा था। जैसे ही वह पिपला पुल से थोड़ा आगे पहुंचा, मुंडाल की तरफ से आई स्विफ्ट डिज़ायर कार उसके पास आकर रुकी। कार में चार युवक सवार थे। उन्होंने मोखरा गांव की लोकेशन पूछी और बातचीत के बहाने प्रवीन को जबरन कार में बैठा लिया। प्रवीन के अनुसार कार में बैठाने के बाद आरोपियों ने उस पर दबाव बनाया और धमकाते हुए उसके मोबाइल से पैसों की ट्रांजैक्शन करवाई। आरोपियों ने पहले 9800 रुपये और फिर 2000 रुपये एक स्कैनर आईडी पर डलवाए। इस दौरान उसे लगातार मारपीट और जान से मारने की धमकियां दी जाती रहीं। बाद में युवक को महम बाईपास पर स्थित सेरे पंजाब ढाबे के पास उतारकर सभी आरोपित फरार हो गए। पीड़ित युवक ने उतरते समय गाड़ी का नंबर नोट कर लिया था। इसकी सूचना पुलिस को दी।

## अमानत में खयानत व चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

- आरोपी से 1180 किलो लोहा स्क्रैप बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

एचटीएम थाना पुलिस ने अमानत में ख्यानत व व चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से 1180 किलो लोहा स्क्रैप बरामद किया है।

उप निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि इस संबंध में दर्ज शिकायत के अनुसार, फर्म मैसर्ज राम जी पावर हिसार द्वारा बिजली विभाग के आरडीएसएस स्कीम के तहत कार्य किया जा रहा था। यह कार्य लेबर ठेकेदार उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले के हरेंद्र सिंह को सौंपा गया था। हरेंद्र का बेटा लविश उक्त साइट पर कार्यरत था। गत 30 अगस्त को सुबह जब साइट पर कार्यरत लेबर व लविश मौजूद नहीं थे तो स्टोर का निरीक्षण करने पर पाया गया कि स्टोर से बड़ी मात्रा में कीमती सामान गायब है।

चोरी हुए सामान की कुल कीमत लगभग 10 लाख 96 हजार 568 रुपये आंकी गई, जिसमें एल्युमिनियम तार, केबल व गैल्वनाइज्ड लोहा आदि शामिल थे। पुलिस ने 30 अगस्त इस संबंध में केस दर्ज किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने एक आरोपी लविश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर 1180 किलोग्राम लोहा स्क्रैप बरामद किया है। शेष सामान की बरामदगी और वारदात में अन्य आरोपियों की संलिप्तता की जांच के लिए आरोपी को अदालत में पेश करके एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### गांजा बरामदगी के मामलों में दो सप्लायर गिरफ्तार

**हिसार।** नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पड़ाव चौकी पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने थाना शहर में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के तहत दो मामलों में गांजा सप्लायर सिसाय निवासी प्रदीप व हिसार निवासी महिला चंद्रपति को गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि आरोपी प्रदीप ने 1 किलोग्राम 412 ग्राम गांजा अंबेडकर बस्ती निवासी मूर्ति को और चंद्रपति ने 156 ग्राम गांजा न्यू मॉडल टाउन निवासी मुकेसर को बेचा था। पड़ाव चौकी पुलिस टीम ने 30 मई को अंबेडकर बस्ती से मुकेसर को काबू कर 156 ग्राम गांजा और 24 जून को अंबेडकर बस्ती से महिला मूर्ति को काबू कर 1 किलोग्राम 412 ग्राम गांजा बरामद किया था। मामले की कड़ी में अब उक्त दोनों मुख्य सप्लायर को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

## मजदूरी के रुपयों को लेकर सरपंच प्रतिनिधि व उसके बेटों पर हमला

- सरपंच ने कहा, चुनाव के समय से है रंजिश, गांव में है तनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

निकटवर्ती गांव ढाणी कुंदनापुर में बुधवार रात को आपसी रंजिश के चलते सरपंच प्रतिनिधि और उनके दो बेटों पर जानलेवा हमला किया गया। घटना में बीच-बचाव करने आया एक ग्रामीण भी घायल हो गया। घटना के बाद से गांव में तनाव व्याप्त है, जिसे देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा बढ़ा दी है। वहीं घायलों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां पुलिस ने घायलों के बयान दर्ज कर मामले की जांच आरंभ कर दी है।

ढाणी कुंदनापुर सरपंच प्रतिनिधि 70 वर्षीय रामचंद्र ने बताया कि पंचायत चुनाव के समय से ही गांव के दूसरे गुट के साथ उनकी रंजिश चल रही थी। बुधवार को गांव से पानी निकालने वाले लेबरों की दिहाड़ी को लेकर कहासुनी हुई। इसके बाद दूसरे गुट के लोगों ने उन पर और उनके बेटों कुलदीप (36) और हितेंद्र (27) पर हमला कर दिया। इस दौरान बीच-बचाव करने आया सुनील कुमार को भी चोटें आई हैं। सभी घायलों को हांसी के नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

वहीं गांव के दो गुटों के बीच मारपीट की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से शिकायतें मिली हैं। लेकिन मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## विधायक भयाना ने झाड़ू लगाकर किया श्रमदान

### सेवा पखवाड़ा के तहत शहर में विधायक के नेतृत्व में चलाया स्वच्छता अभियान

- *अभियान में सैकड़ों लोग हुए शामिल*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक विनोद भयाना ने अभियान का नेतृत्व करते हुए बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर चौक पर श्रमदान करते हुए झाड़ू लगाई और स्थानीय नागरिकों को स्वच्छता एवं राष्ट्रहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। अभियान के शुभारंभ मौके पर नगर के अनेक गणमान्य व्यक्ति, सामाजिक कार्यकर्ता, व्यापारी, तथा युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रधानमंत्री मोदी के स्वच्छ भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर


हांसी। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित स्वच्छता अभियान में अंबेडकर चौक पर झाड़ू लगाकर श्रमदान करते विधायक विनोद भयाना।

विधायक विनोद भयाना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन का हर क्षण राष्ट्र निर्माण और सेवा को समर्पित है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे इन राष्ट्रहितैषी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और राष्ट्र को और अधिक सशक्त, स्वावलंबी और स्वच्छ बनाने में अपनी भूमिका निभाएं।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भाजपा युवा जिला अध्यक्ष सुखविंदर जाखड़ , विनोद सैनी, मंडल अध्यक्ष तनुज खुराना, सोनू जांगड़ा, रमेश नायक ,मुकेश सैनी, अनिल आर्य, पंकज कोचर ,नवदीप, प्रवीण खटीक, वजीर मेहरा, अनुराग तथा कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## एसपी ने किया किला बाजार व सिसाय पुल पुलिस चौकी का औचक निरीक्षण

### दोनों चौकियों के रिकॉर्ड, आपराधिक रिकॉर्ड का अवलोकन किया

- चौकियों के इंचार्ज कक्ष व मुंशी कक्ष की जांच की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने बृहस्पतिवार को शहर थाना के अंतर्गत आने वाली किला बाजार व सिसाय पुल पुलिस चौकी का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

इस अवसर पुलिस अधीक्षक ने दोनों चौकियों के रिकॉर्ड, आपराधिक रिकॉर्ड का अवलोकन किया। उन्होंने चौकियों के इंचार्ज कक्ष व मुंशी कक्ष की भी जांच की। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने चौकी दोनों इन्चार्जों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि चौकियों में आने वाली शिकायतों का इंद्राज कर उन पर कार्रवाई सुनिश्चित करे। सभी अपनी ड्यूटी जिम्मेवारी से निभाये। चौकियों में आने वाले शिकायतकर्ता से सहयोग और सम्मान पूर्वक व्यवहार कर उनकी बातों को ध्यान से सुन, शिकायत का समयावधि में निदान करे। अदालत से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन करने व अन्य मामले में शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करे।


हांसी। पुलिस चौकी के रिकार्ड का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन

### दुकानदारों ने लगाए पक्षपात व रिश्वतखोरी के आरोप, सीएम को लिखी चिट्ठी

# नप ने दिल्ली रोड पर चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

- दुकानदारों बोले, नगर परिषद कर्मचारी पक्षपात और रुपये लेकर करते हैं काम, सेनेटरी इंस्पेक्टर ने बताया की सभी आरोप बेबुलियाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

नगर परिषद टीम द्वारा गुरुवार को सेनेटरी इंस्पेक्टर संजय कुमार के नेतृत्व में दिल्ली रोड़ स्थित मार्किट में अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। अतिक्रमण अभियान से नाराज दुकानदारों ने नगर परिषद कर्मचारियों पर पक्षपात और रुपये लेकर काम करने के आरोप लगाए। उधर, सेनेटरी इंस्पेक्टर संजय कुमार ने दुकानदारों के आरोपों को पूरी तरह बेबुनियाद बताते हुए कहा कि नगर परिषद निष्पक्ष कार्रवाई कर रही है।



हांसी। अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान सड़कों पर लगे बैनर उतारते नप कर्मचारी।

#### पिछले महीने किया था नोटिस जारी

जानकारी के अनुसार नगर परिषद ने पिछले महीने दुकानदारों को नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे।

जिसके बाद कुछ दुकानदारों ने स्वयं ही अतिक्रमण हटा दिया, जबकि शेष दुकानों के बाहर लगे शेड, बैनर और होर्डिंग से नगर परिषद टीम द्वारा हटाया गया। और नगर परिषद टीम ने उतारी गई सामग्री को जब्त कर अपने कब्जे में ले ली गई।

#### कर्मचारियों ने पक्षपातपूर्ण कार्रवाई की

दुकानदारों का आरोप है कि कर्मचारियों ने पक्षपातपूर्ण कार्रवाई की। उनका कहना है कि एक तरफ उनकी दुकानों के आगे बने शेड तोड़ दिए गए, जबकि उनके पड़ोस में एक अन्य दुकानदार का बड़ा शेड जस का तस खड़ा है।

#### शेड न तोड़ने के मांगे 50 हजार

दुकानदार संजय ने बताया कि इस संबंध में उन्होंने 12 सितम्बर को मुख्यमंत्री नायब सैनी को भी पत्र भेजा था। मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में उन्होंने आरोप लगाया कि नगर परिषद का एक कर्मचारी शेड न तोड़ने के एवज में 50 हजार रुपये की मांग कर रहा था। रुपए ना देने पर उसने कहा गया कि कहीं भी घूम लो, कुछ नहीं हो सकता।

स्पेशल: बैटमैन-डे, 20 सितंबर

बच्चो, तुमने बैटमैन की कॉमिक्स पढ़ी होंगी या फिर उसकी फिल्में जरूर देखी होंगी। तुममें से कई बच्चों का तो फेवरेट कॉमिक सुपर हीरो बैटमैन होगा। दुनिया के सबसे फेमस फिक्शनल कैरेक्टर्स में से एक बैटमैन से जुड़ी कुछ अमेजिंग और इंटरेस्टिंग बातें यहां बता रहे हैं।

# इंटेलिजेंट-टेक्नोस्मार्ट वॉरियर कॉमिक सुपर हीरो बैटमैन

फिक्शनल कैरेक्टर
शिखर चंद जैन





बच्चो, तुम बैटमैन के कॉमिक्स खूब चाव से पढ़ते होगे। टीवी पर उसके कार्टून फिल्म्स या बैटमैन सीरीज की मूवीज भी देखी होंगी। तुम्हें पता है, इस सुपरहीरो कार्टून कैरेक्टर बैटमैन को याद करने के लिए एक खास दिन निश्चित किया गया है? हर साल सितंबर महीने के तीसरे शनिवार को बैटमैन-डे मनाया जाता है। इस बार बैटमैन-डे कल यानी 20 सितंबर को मनाया जाएगा। इस मौके पर जानो, बैटमैन से जुड़ी कुछ अमेजिंग-इंटरेस्टिंग बातें।

**साहसी-चतुर और टेक्नो एक्सपर्ट:** जहां अधिकतर कॉमिक सुपरहीरोज अपनी आलौकिक शक्तियों यानी सुपर नेचुरल पॉवर्स के लिए जाने जाते हैं। अपनी इन्हीं शक्तियों के दम पर वे विलेन पर जीत हासिल करते हैं। वहीं बैटमैन के पास कोई सुपर नेचुरल पॉवर नहीं है। उसका साहस, स्ट्रेटजी बनाने की स्किल, हार्ड ट्रेनिंग, बुद्धिमत्ता और टेक्नोलॉजी यूज करने की काबिलियत उसे उसके लक्ष्य तक पहुंचाती हैं और जीत दिलाती है। वह 127 मार्शल आर्ट फॉर्म्स में एक्सपर्ट है।

**86 साल पुराना कैरेक्टर:** बैटमैन को पहली बार अब से 86 साल पहले मई 1939 में डिटेक्टिव कॉमिक्स के 27वें अंक में पेश किया गया था। इसमें बैटमैन की इमेज क्रिएट की थी आर्टिस्ट बॉब केन ने और इसके लेखक थे, बिल फिंगर।

**छा गया हर ओर:** शुरुआती दिनों में तो बैटमैन को स्टोरी कॉमिक्स कैरेक्टर के रूप में पढ़ा जाता था। लेकिन कुछ ही समय में बैटमैन का कैरेक्टर इतना फेमस हुआ कि यह कॉमिक्स से आगे बढ़कर फिल्मों, टीवी शोज, वीडियो गेम्स और यहां तक कि कई सारे प्रोडक्ट्स के ब्रांड के रूप में भी दिखाई देने लगा।

**बहुत अमीर है बैटमैन:** बैटमैन का मूल नाम ब्रूस वेन है। सामान्य अवस्था में वह इसी रूप में रहता है। ब्रूस वेन को अकसर कॉमिक बुक के इतिहास में सबसे धनी पात्रों में से एक के रूप में चित्रित किया जाता है, जिसकी अनुमानित संपत्ति अरबों में है। ब्रूस वेन के इनकम का मुख्य सोर्स उसके परिवार की कंपनी वेन एंटरप्राइजेज है।

**जानता है कई भाषाएं:** बैटमैन कुल दस भाषाओं में बात कर सकता है। इनमें से सात भाषाएं वह धाराप्रवाह बोलता है। ये भाषाएं हैं- कैंटोनीज स्वाहिली, जापानी, स्पेनिश, फ्रेंच, अंग्रेजी, रूसी और इतालवी। साथ ही जर्मन और वियतनामी दो भाषाएं ठीक-ठाक और एक भाषा क्रिप्टोनियन अटक कर कामचलाऊ बोलता है।

**बैटमैन की हेल्प करते हैं रॉबिंस:** बैटमैन के कई सहायक पात्र भी हुए हैं, जिन्होंने रॉबिन की भूमिका निभाई है। जिनमें डिक ग्रेसन, जेसन टॉड, टिम ड्रेक और डेमियन वेन शामिल हैं। हर रॉबिन की अपनी अनूठी कहानी है और विशेषताएं हैं।

**सीक्रेट हेडक्वार्टर है बैटकेव:** बैटमैन का गुप्त मुख्यालय यानी सीक्रेट हेडक्वार्टर बैटकेव है। यह कई तरह की सुविधाओं से युक्त है, जिसमें बैटकंप्यूटर और बैटमोबाइल जैसे कई सुपर पॉवरफुल चीजों का संग्रह शामिल है।

**बैटमैन का शहर गोथम सिटी:** उत्तरपूर्वी संयुक्त राज्य अमेरिका का एक काल्पनिक शहर है गोथम सिटी, जो डीसी कॉमिक्स द्वारा प्रकाशित अमेरिकी कॉमिक बुक्स में प्रदर्शित होने वाला प्रमुख शहर है। गोथम सिटी सुपरहीरो बैटमैन, उसके सहयोगियों और दुश्मनों के घर के रूप में जाना जाता है। गोथम को अकसर एक अंधकारमय और अपराध-ग्रस्त शहर के रूप में दर्शाया जाता है। यहां अपराध और भ्रष्टाचार होते रहते हैं।

**बैट-सिग्नल से बुलाते हैं बैटमैन को:** बैट-सिग्नल को पहली बार 1940 के दशक में गोथम सिटी पुलिस द्वारा बैटमैन को बुलाने के एक तरीके के रूप में पेश किया गया था। यह गोथम के नागरिकों के लिए आशा का प्रतीक है। जब भी बैटमैन को बुलाना होता है, बैट सिग्नल भेजा जाता है। *



## बैटमैन से जुड़ी कुछ और रोचक बातें

- बैटमैन के एक चाचा हैं, जिनका नाम फिलिप है।
- उसकी मां का नाम मार्था वेन है। इसे केन के नाम जाना जाता है।
- बैटमैन ने एक निजी जासूस हार्वे हैरिस के मार्गदर्शन में जासूस बनना सीखा।
- बैटमैन ने टेड ग्रांट (वाइल्डकैट) से मुक्केबाजी सीखी।
- बैटमैन के सूट पर कई बार इंद्रधनुषी पैटर्न बना हुआ दिखाया जाता है।
- बैटमैन का पसंदीदा व्यंजन मुलिगाटावनी सूप है।
- बैटमैन का एक 'दत्तक पुत्र' है, जिसका नाम जारो है। जारो एक जार में स्टारो (विशाल मानसिक तारामछली) का एक टुकड़ा है।

विशेष: रेड पांडा-दिवस, 20 सितंबर

बेहद क्यूट-सा दिखने वाला रेड पांडा दुनिया में कुछ ही इलाकों में पाया जाता है। इसको बचाए रखने को लेकर जागरूकता फैलाने के लिए हर साल रेड पांडा दिवस मनाया जाता है। इस दिन के महत्व और इस जंतु की विशेषताओं के बारे में जानो।

# ताकि बचा रहे प्यारा अनोखा रेड पांडा

अनोखा जंतु / के.पी. सिंह



बच्चो, रेड पांडा दुनिया के सबसे खूबसूरत जंतु प्रजातियों में से एक है। इसे लेसर पांडा, फायरफॉक्स जैसे नामों से भी जाना जाता है। वनों की अंधाधुंध कटाई, अवैध शिकार करने, इनके आवास के खात्मे और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों के चलते यह प्यारा-सा जंतु प्रजाति लुप्त होने के कगार पर पहुंच गया है। रेड पांडा की तेजी से कम होती संख्या को देखते हुए 'रेड पांडा नेटवर्क' संस्था द्वारा 18 सितंबर 2010 को पहली बार अंतरराष्ट्रीय रेड पांडा दिवस का आयोजन किया गया। तब से प्रत्येक वर्ष सितंबर माह के तीसरे शनिवार को अंतरराष्ट्रीय रेड पांडा दिवस मनाया जाता है।

**क्यों मनाते हैं रेड पांडा दिवस:** दुनिया भर के लोगों को रेड पांडा को बचाने का संदेश देने के लिए यह विशेष दिवस मनाया जाता है। रेड पांडा का दुनिया में अस्तित्व इसलिए जरूरी है, क्योंकि अपने पारिवारिक वर्ग में यह एकमात्र बची जीव प्रजाति है, जो जैव विविधता में इसकी अनोखी भूमिका और महत्व को दर्शाती है।



**होते हैं कई आयोजन:** रेड पांडा दिवस मनाने के लिए दुनियाभर के ऐसे चिड़ियाघरों में जहां रेड पांडा मौजूद हैं, विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस दिन रेड पांडा की देख-रेख करने वाले केयरटेकर, चिड़ियाघर घूमने आने वाले लोगों से इनके लुप्तप्राय होने के बारे में बताते हैं। लोगों को इनके महत्व को समझाते हैं कि किस तरह इनके बचाने से हमारी विविध पारिस्थितिकी तंत्र का बचाव संभव है। सोशल मीडिया में इस दिन कई तरह के अभियान चलाए जाते हैं, जैसे- हैश टैग सेव रेड पांडा, हैश टैग इंटरनेशनल रेड पांडा डे और हैश टैग आईआरपीडी आदि। पर्यावरण-जैव विविधता संरक्षण से जुड़े लोगों और संगठनों द्वारा आम लोगों को धरती पर रेड पांडा के अस्तित्व को बनाए रखने में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इस मासूम जंतु प्रजाति को कैसे अवैध शिकार और व्यापार से बचाया जाए, इस बारे में भी विचार किया जाता है।

**कहां पाया जाता है रेड पांडा:** रेड पांडा मुख्य रूप से पूर्वी हिमालय के ऊंचे-घने बांस के जंगलों में पाया जाता है। यह भारत, नेपाल, चीन, म्यांमार और भूटान में खासतौर से पाया जाता है। जहां तक अपने देश में रेड पांडा की मौजूदगी का सवाल है तो ये मुख्यतः पूर्वोत्तर के हिमालयी क्षेत्रों में खासकर सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग क्षेत्र में पाया जाता है। देश में करीब 10 ऐसे नेशनल पार्क और सैंचुरी हैं, जहां रेड पांडा को संरक्षित किया गया है। इसके अलावा, दार्जिलिंग के 'फ्रोजन जू' की पहल पर रेड पांडा का डीएनए संरक्षित किया जा रहा है। इस तकनीकी पहल से भारत में रेड पांडा प्रजाति का संरक्षण लंबे समय तक के लिए किया जा सकता है। *

मजेदार किताब / चंद्रप्रकाश

# खेलगीतों का अनूठा संकलन

बच्चो, तुम कोई-न-कोई ऐसा खेल जरूर खेलते होगे, जिसे खेलते हुए गीत या जिंगल्स गाए जाते हैं। रंग-बिरंगे चित्रों से सजी-संवरी यह किताब 'गुमनाम खेलगीत' ऐसे ही खेलगीतों का अनूठा संकलन है। इस किताब में खेल-खेल में गाए जाने वाले अड़तीस छोटे-छोटे गीतों को संग्रहित किया गया है। इनमें से कई गीतों से तुम पहले से भी परिचित होगे क्योंकि तुमने भी खेलते हुए इन गीतों को कभी-न-कभी जरूर गाया होगा या गाते हुए खेल जरूर खेला होगा। कुछ तुक वाले तो कुछ बेतुके से लगने वाले, कुछ जाने-पहचाने, कुछ बिल्कुल नए-से ये खेलगीत तुम्हें खूब पसंद आएंगे। इस किताब की खास बात यह है कि इसमें संकलित इन गीतों को तुम्हारी ही उम्र के, छठी से लेकर नवीं कक्षा में पढ़ने वाले कई बच्चों ने मिलकर कलमबद्ध किया है। किताब के अंत में एक जगह उन खेलों को खेलने का तरीका भी बताया गया है, जिनके साथ ये खेलगीत गाए जाते हैं। *




**किताब:** गुमनाम खेलगीत, **लेखक:** अंकुर लेखक समूह, **चित्र:** पूजा के मेनन, **मूल्य:** 80 रुपए, **प्रकाशक:** एकलव्य फाउंडेशन, भोपाल और अंकुर सोसाइटी, दिल्ली

## हंसगुल्ले


**नैंसी:** मिनी की मम्मी को सब क्या कहकर बुलाते हैं?
**नव्या:** ये तो मुझे नहीं पता, तुम बताओ।
**नैंसी:** मिनीमम (मिनी-मम)।
-खुशबू, ईमेल से

**पापा:** गाड़ी का पेट्रोल खत्म हो गया है, अब आगे नहीं जा सकते।
**मीकू:** कोई बात नहीं पापा ! गाड़ी को रिवर्स कर लीजिए, वापस घर चलते हैं।
-कमल, रायपुर

**सोनू:** ऐसा कौन-सा सेंटेंस है, जो हम बच्चे क्लास में सबसे ज्यादा बोलते हैं?
**मोनू:** 'मुझे नहीं पता।'
**सोनू (हंसते हुए):** हां-हां, बिल्कुल सही।
-साकेत, बिलासपुर

## जीके क्विज-171

1. एशिया कप वूमेन हॉकी 2025 का खिताब किस देश ने जीता?
2. हाल में ही नियुक्त किए गए फ्रांस के नए प्रधानमंत्री का क्या नाम है?
3. देश के वर्तमान रेलमंत्री कौन हैं?
4. भारत का सर्वाधिक साक्षर राज्य कौन सा है?
5. भारत के 'मिसाइल मैन' के नाम से किसे जाना जाता है?
6. किस पठार को 'संसार की छत' कहा जाता है?
7. कौन-से दो विटामिन जल में घुलनशील होते हैं?
8. नाखून में कौन सा प्रोटीन पाया जाता है?
9. भारत के किस शहर को 'ब्लू सिटी' के नाम से जाना जाता है?
10. नीली क्रांति का संबंध किस क्षेत्र से है?



बच्चो, जीके क्विज-171 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-170 का उत्तर:** 1.दूसरा, 2.टीसीए कल्याणी, 3.सी.पी. राधाकृष्णन, 4. 14 सितंबर 1949, 5. 22 भाषाओं को, 6.सिक्किम, 7.न्यूटन, 8.सिद्धार्थ, 9.शेरशाह सूरी, 10.श्रीलाल शुक्ल

**जीके क्विज-170 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, आलोक-रायपुर, आद्या परी-मानपुर, रमेश-बैकुंठपुर,अश्विनी-राजनांदगांव, माधुरी-ईमेल से, भीमशंकर-डिंडौरी, नैतिक-मानपुर, ज्योति-बैकुंठपुर, आकाश-बिलासपुर



कहानी
विमला रस्तोगी

सामने शेर आ जाए तो बड़े-बड़े डर से कांप जाते हैं, लेकिन नन्ही चैताली के घर में जब शेर आ गया, वह डरी नहीं। उसने बहुत ही साहस और समझदारी से काम लिया। खूंखार शेर पकड़ा गया। चैताली ने यह कमाल कैसे कर दिखाया?

# साहसी चैताली



कक्षा आठ में पढ़ती है चैताली। पढ़ने में अच्छी है। उसकी दो छोटी बहने हैं- मनसा और विद्या। चैताली के पिता खेत पर काम करते हैं। मां भी साथ चली जाती हैं। समय मिलने पर चैताली भी खेतों पर चली जाती है। दिन छिपे भी खेत से अकेली लौट आती है। उसे जरा भी डर नहीं लगता। चैताली के पिता ने उसे साइकिल दिला दी है। वह पास की तहसील के बाजार में साइकिल से जाकर घर की जरूरत का सामान ले आती है। आस-पड़ोस वालों का भी सामान ला देती है।

चैताली अपनी पढ़ाई करने के साथ, अपनी दोनों छोटी बहनों को भी पढ़ाती है। आस-पास के घरों के बच्चों को भी होम वर्क करा देती है। गांव में सब उसको बहुत मानते हैं। वह सबकी मदद करने को तैयार रहती है।

चैताली के गांव में कच्चे-पक्के दोनों तरह के घर हैं। चैताली के घर के दो कमरे पक्के (सीमेंट-ईंटों से) बने हैं। खाना बरामदे में बनता है। आगे सब खुला है। बस छोटी-छोटी लकड़ियों के सहारे पौधे लगाकर चार दीवारी-सी बना ली है। एक दिन शाम होने को थी। चैताली अपनी सहेली सोनिया के साथ कमरे में बैठी बातें कर रही थी। दोनों छोटी बहनें पड़ोस में गई थीं। तभी चैताली को शेर के गुर्राने की आवाज सुनाई दी। वह एकदम चौकन्नी हो गई। सहेली को मुंह पर अंगुली रखकर चुप रहने का इशारा किया। दबे पांव बाहर आई। देखा दूसरे कमरे में शेर आ गया है। शेर का मुंह दीवार की तरफ था। चैताली ने हिम्मत से काम लिया। उसने सावधानी से कमरे की दोनों कुंडी झट से बंद कर दी। लंबी सांस ली और तुरंत वन विभाग के दफ्तर में फोन कर दिया। चैताली को पता था कि शेर आदमी से ज्यादा होशियार नहीं होता।

सोनिया को किसी से भी शेर के बारे में कुछ बताने से मना किया, लेकिन वह चैताली के घर से बाहर निकली और बाहर आकर उसने अपने घर वालों को शेर के बारे में बता दिया। सोनिया के घर वालों ने पास-पड़ोस में कह दिया। चैताली भी अपने घर के बराबर वाले मकान में आ गई। उधर गांव वाले लाठी-डंडे लेकर आ गए। चैताली ने सबके सामने आकर सबको रोका, 'आप लोग बिल्कुल शोर मत करें। पिछली बार गांव में जब शेर आया था, सबने उसका पीछा कर उसे जख्मी कर दिया। शेर खेतों में छिप गया, वन विभाग वालों को भी नहीं मिला। डर के मारे बच्चे कई दिनों तक स्कूल पढ़ने नहीं गए। बड़ी मुश्किल से वन विभाग वालों ने शेर पकड़ा।' चैताली ने आगे बताया, 'मैंने फोन कर दिया है, वन विभाग वाले आते ही होंगे।'

तभी चैताली के माता-पिता भी वहां आ गए। कभी शेर की आवाज आती, सब डर जाते लेकिन चैताली नहीं डरती। जल्द ही वन विभाग वाले आ गए। साथ में शेर को बंद करने वाला कटघरा भी लाए थे। आते ही सारे कर्मचारियों ने अपनी पोजीशन ले ली और बहुत ही सतर्कता से शेर को पिंजरे में ले लिया। पिंजरे में आकर शेर जोर-जोर दहाड़ा। अब गांव वाले नहीं डरे।

वन विभाग के अफसर ने चैताली के साहस की खूब प्रशंसा की। उन्होंने कहा, 'चैताली के साहस की जितनी प्रशंसा की जाए, कम है। अगर शेर को देखकर चैताली बस्ती में भागती, शेर उसके पीछे भागता, चैताली घायल होती या कोई गांव वाला या फिर शेर ही घायल हो जाता। पता नहीं शेर कब पकड़ा जाता। इस संकट की घड़ी में भी चैताली ने जिस धीरज, समझदारी और साहस का परिचय दिया। वह अपने आप में एक मिसाल बन गया है।'

सबने ताली बजाकर चैताली को शाबाशी दी। वह भी बहुत खुश थी। कुछ दिनों बाद तहसील में हुए कार्यक्रम में प्रशासन ने चैताली को मेडल देकर सम्मानित किया। चैताली के माता-पिता और गांव वाले सब बहुत खुश थे। *

कविता
सुरेंद्र विक्रम



# पापाजी लाए गुब्बारे

रंग-बिरंगे सजे-धजे, आंखों के लगते सचमुच तारे
जितने सुंदर, उतने प्यारे, पापाजी लाए गुब्बारे।
ये अपनी धुन के पक्के हैं
कभी नहीं घबराते जी।
गैस भरी हो थोड़ी भी तो
सरपट दौड़ लगाते जी।
सचमुच कभी नहीं थकते, ये चलते पांव-पसारे
जितने सुंदर, उतने प्यारे, पापाजी लाए गुब्बारे।
सीधे-सच्चे, मन के अच्छे
जन्मदिवस पर सजते जी।
बिल्कुल केक नहीं खाते
बस फट-फटकर बजते जी।
इतने खुश रहते मानो, बढ़कर छू लेंगे चांद-सितारे
जितने सुंदर, उतने प्यारे, पापाजी लाए गुब्बारे।

## रंग भरो-185

**रंग भरो-185** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





आशना, जांजगीर



वेदिका, बालोद



इज्यान, सूरजपुर



लक्षिका, कोरबा



अदिति, बंजारी

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

अतुल-कवर्धा, डिंपल-दुर्ग, रवि-बिलासपुर, सानवी-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, कविता-कटनी, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, विनोद-बिलासपुर, खुशी-कोरबा



रेयांश, बिलासपुर

## रंग भरो 186

बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में चिंटू और मिंकी स्लाइड पर फिसल रहे हैं। इस चित्र को तुम मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



## खबर संक्षेप

### बच्ची से छेड़छाड़ के दोषी को पांच साल की कैद

**हिसार।** अदालत ने 10 साल की बच्ची से छेड़छाड़ करने के दोषी को अदालत ने 5 साल की कैद और 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अदालत में चले अभियोग के अनुसार पुलिस ने 6 अगस्त 2021 को केस दर्ज किया था। पीड़ित बच्ची ने पुलिस को बताया कि एक व्यक्ति उनके पड़ोस में रहता है, जिस वह चाचा कहकर बुलाती हूं। वह मुझे बाइक पर बैठाकर पार्क में ले गया और मेरे साथ छेड़छाड़ की

### ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

**हिसार।** सूर्यनगर रेलवे फाटक के पास गुरुवार सुबह ईयरफोन लगा रेलवे ट्रैक पार कर रही महिला की गोरखधाम एक्सप्रेस की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान शिव कॉलोनी की 30 वर्षीय कविता के रूप में हुई है। रेलवे थाना पुलिस ने इस संबंध में इत्तेफाकिया कार्रवाई की है।

### जिला समन्वय समिति की त्रैमासिक बैठक

**हिसार।** स्थानीय लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में जिला समन्वय एवं समीक्षा समिति की त्रैमासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा ने की। बैठक में कृषि, एमएसएमई व अन्य क्षेत्रों में विभिन्न बैंकों द्वारा प्रदान किए गए ऋणों, उपलब्धियों एवं लंबित मामलों की समीक्षा की गई। एडीसी ने लंबित ऋणों पर शीघ्र कार्रवाई कर वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में एलडीएम विनोद कुमार, नाबार्ड के डीडीएम राकेश राणा आदि मौजूद थे।

### मंत्री राव नरबीर आज करेंगे पौधरोपण

**हिसार।** पर्यावरण एवं वन मंत्री राव नरबीर सिंह सेवा पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को हिसार में वन विभाग के पौधारोपण अभियान का शुभारंभ करेंगे। वन मंडल अधिकारी रोहताश बिरथल ने बताया कि बीड़ में होने वाले कार्यक्रम में हिसार की विधायक सावित्री जिंदल तथा नलवा के विधायक रणधीर पनिहार भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर हिसार के बीड़ क्षेत्र तथा एचएयू के रामधन सिंह फार्म में पौधारोपण के अतिरिक्त प्रचार वाहनों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा।

### स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार पर कार्यशाला

**हिसार।** लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में 19 सितंबर को स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा की अध्यक्षता में किया जाएगा। कार्यशाला के माध्यम से महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की जाएगी और परिवार व समाज के सशक्तिकरण में महिला स्वास्थ्य की भूमिका पर चर्चा की जाएगी।

### गंदे पेयजल की सप्लाई पर चिंता जताई

**हिसार।** सामाजिक संस्था सजग ने शहर में हो रही गंदे पेयजल की सप्लाई पर चिंता व्यक्त की करते हुए मांग की है कि तुरंत लोगों के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए स्वच्छ पानी सप्लाई मुहैय्या करने की व्यवस्था की जाए। सजग के प्रदेश अध्यक्ष एवं वास्तु कंसल्टेंट एवं प्लानर सत्य पाल अग्रवाल ने कहा है कि इस समय शहर के अधिकतर क्षेत्रों में गंदा पानी सप्लाई हो रहा है।

विश्व ऑजोन सप्ताह के उपलक्ष्य पर गुजवि में हुआ दो दिवसीय कार्यक्रम

# पृथ्वी के अस्तित्व और जीवन की निरंतरता के लिए ऑजोन परत अत्यंत महत्वपूर्ण

*प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया की परत कमजोर हो जाए तो मनुष्य के स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ सकता है*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि पृथ्वी के अस्तित्व और जीवन की निरंतरता के लिए वायुमंडल में मौजूद ऑजोन परत अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऑजोन परत केवल वैज्ञानिक या पर्यावरणीय मुद्दा नहीं है, बल्कि हमारे जीवन और भविष्य से भी जुड़ी है।

आने वाली पीढ़ियों को अगर हम सुरक्षित पृथ्वी सौंपना चाहते हैं, तो ऑजोन परत के संरक्षण के लिए हमें गंभीरता से कार्य करना होगा। प्रो. नरसी राम बिश्नोई विश्व ऑजोन सप्ताह के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग के सौजन्य से आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, दिल्ली से सेवानिवृत प्रो. अनुभा कौशिक मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रही जबकि अध्यक्षता विभागाध्यक्षा प्रो. आशा गुप्ता ने की। प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि ऑजोन परत को धरती की सुरक्षा ढाल कहा जाता है। यह परत सूर्य से आने वाली हानिकारक पेराबैंगनी किरणों को रोकती है। यदि यह परत कमजोर हो जाए तो मनुष्य के स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ सकता है। साथ ही वनस्पति जगत को भी क्षति हो सकती है। प्रो. अनुभा कौशिक ने अपने संबोधन में कहा कि वैश्विक सहयोग से पर्यावरण की दिशा में विश्व स्तर पर सकारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऑजोन परत के बनने और नष्ट होने की प्रक्रिया लगातार जारी है। अगर हम ऑजोन परत को स्वस्थ रख पाएंगे तो ग्लोबल वार्मिंग पर भी नियंत्रण रखा जा सकता है।



हिसार। विश्व ऑजोन सप्ताह के उपलक्ष्य पर आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई। फोटो : हरिभूमि

### स्लोगन लेखन में मिनाज रहा प्रथम

इस दो दिवसीय कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। समापन समारोह में प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। स्लोगन लेखन में मिनाज ने पहला व लक्ष्य ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में आंचल पहले, चलसिया दूसरे तथा समीक्षा तीसरे स्थान पर रही। रंगोली में नेनसी ने पहला तथा प्रज्ञा व प्रतिभा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में हिमानी व राजेश की टीम पहले तथा सोनू व योगिता की टीम दूसरे स्थान पर रही। निर्णायक की भूमिका प्रो. सुनीता रानी, प्रो. सोनिका, प्रो. अनिल भानखड़, प्रो. अर्चना, डा. अंजू गुप्ता व डा. साक्षी जैन ने निभाई।

# स्वदेशी उत्पाद अपनाने के संकल्प से शुरू की स्वदेशी संकल्प यात्रा



हिसार। स्वदेशी जागरण मंच द्वारा शुरू की गई स्वदेशी संकल्प यात्रा में उपस्थित मेयर प्रवीन पोपली, पदाधिकारी व कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

- स्वदेशी संकल्प यात्रा शुरू, एक ही विकल्प स्वदेशी संकल्प के नारे से गूंजा हिसार
- मेयर प्रवीन पोपली ने स्वदेशी जागरण मंच की स्वदेशी संकल्प यात्रा का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

वोकल फॉर लोकल के उद्देश्य से स्वदेशी जागरण मंच द्वारा स्वदेशी संकल्प यात्रा की शुरूआत की गई। नागोरी गेट स्थित सनातन धर्म श्री हनुमान मंदिर में पूजन करके नगर निगम के मेयर प्रवीन पोपली व स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारियों ने विधि विधान से यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रवीन पोपली ने स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वदेशी विचारधारा से ही देश सशक्त व आत्मनिर्भर होगा। इसलिए हर क्षेत्र में स्वदेशी को बढ़ावा देना चाहिए। स्वदेशी संकल्प यात्रा हिसार जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 25 सितंबर तक निकाली जाएगी। इस यात्रा के दौरान जहां लोगों को स्वदेशी उत्पादों के प्रति जागरूक किया जाएगा, वहीं पत्रक वितरित करके उन्हें स्वदेशी विचारधारा अपनाने का आह्वान भी किया जाएगा। स्वदेशी संकल्प यात्रा शुरू होते ही एक ही विकल्प स्वदेशी संकल्प के नारे से पूरा शहर गुंजायमान हो उठा।

### ये रहे मौजूद

स्वदेशी संकल्प यात्रा के शुभारंभ अवसर पर यात्रा संयोजक संजीव शर्मा, यात्रा सह संयोजक मोना जैन व प्रदीप बामल, यात्रा हिसार विभाग के संयोजक राकेश चराया व सह संयोजक रिचा जांगड़ा व स्वदेशी मेला प्रांतीय प्रमुख अनिल गोयल विशेष रूप से मौजूद रहे।

## ऋतु सिंह बनी राष्ट्रीय सनातन सेना भारत की जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

राष्ट्रीय सनातन सेना भारत ने एसडी मॉडर्न पब्लिक की प्राचार्या ऋतु सिंह को हिसार जिला की महिला इकाई अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह घोषणा संगठन के राष्ट्रीय संयोजक संदीप महाकाल और महिला इकाई की राष्ट्रीय महासचिव रचना वशिष्ठ के परामर्श से की गई। नियुक्ति के साथ ही संगठन ने स्पष्ट किया कि ऋतु सिंह की जिम्मेदारी होगी कि वे हिसार जिले में संगठन का व्यापक विस्तार करें। इस अवसर पर हरियाणा महिला इकाई की प्रदेश अध्यक्ष बबीता सिंह ने कहा कि ऋतु सिंह का संगठन से जुड़ना पूरे हरियाणा की महिला इकाई के लिए गौरव का विषय है।




हांसी : एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल की प्राचार्या ऋतू सिंह को नियुक्ति पत्र सौंपते राष्ट्रीय सनातन सेना भारत के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद:** इस अवसर पर उषा सैनी महासचिव, ज्योति लूथरा,वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरियाणा महिला इकाई, नीलम गखड़, जिला पानीपत अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बबीता भारद्वाज, उपाध्यक्ष, रेखा शर्मा, महासचिव मेघा तनेजा, कोषाध्यक्ष मीनू अहलावत, कार्यकरिणी सदस्य गुलशन हंस इत्यादि ने ऋतु सिंह को बधाई प्रेषित की है।

## एसडीएम ने पांच बुजुर्गों को दिए वृद्धावस्था सम्मान भत्ता प्रमाण पत्र

**हांसी।** एसडीएम राजेश खोथ ने वीरवार को समाधान शिविर के उपरांत पात्र बुजुर्गों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत प्रमाण पत्र प्रदान किए। जिन्हें प्रमाण पत्र वितरित किए गए उनमें खरकड़ा निवासी बिमला, मसूदपुर निवासी छैलुराम, सैनीपुरा निवासी सतबीर, भाटला निवासी धर्मवीर सिंह तथा सुल्तानपुर निवासी राजवीर को वृद्धावस्था सम्मान भत्ता पेंशन प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। एसडीएम राजेश खोथ ने बताया कि समाधान शिविरों में प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अब तक 24 वृद्धावस्था सम्मान भत्ता पेंशन, 2 विधवा पेंशन तथा 6 विधुर पेंशन स्वीकृत की जा चुकी हैं।



हांसी। बुजुर्गों को वृद्धावस्था पेंशन प्रमाण-पत्र प्रदान करते एसडीएम राजेश खोथ। फोटो : हरिभूमि

# सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं कार्यकर्ता

## हिसार विधानसभा के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक लेने पहुंचे मंत्री राजेश नागर

- जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ व अन्य ने किया कार्यालय पहुंचने पर स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने कहा है कि हरियाणा सरकार हर वर्ग के हितों को ध्यान मे रखकर कार्य कर रही है। पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता सरकार की नीतियों व कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाएं ताकि हर पात्र को लाभ मिल सके। मंत्री राजेश नागर भाजपा जिला कार्यालय में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से बातचीत कर रहे थे। वे यहां हिसार विधानसभा प्रभारी के तौर पर हिसार विधानसभा के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक लेने पहुंचे थे। जिला कार्यालय पहुंचने पर जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया।



हिसार। जिला कार्यालय पहुंचने पर मंत्री राजेश नागर का स्वागत करते जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, नलवा विधायक रणधीर पनिहार, मेयर प्रवीन पोपली, जिला महामंत्री आशीष जोशी, उपाध्यक्ष संजीव रेवड़ी, जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपरा, आईटी प्रमुख सुरेश जांगड़ा, सुरेश गोयल धूपवाला, रामनिवास राड़ा, एडवोकेट रिंकू खटाना, सुभाष ढींगड़ा, कार्यालय प्रमुख सुरेन्द्र सैनी, कृष्ण खटाना, रामचंद्र गुप्ता, राजकुमार इंदौरा व रत्न सैनी सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।



हिसार। राज्य स्तरीय स्कूली बैडमिंटन प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने वाला दिवित अरोड़ा अपने कोच साहिल थरेजा के साथ।

## खिलाड़ी दिवित ने राज्य स्तर पर जीता कांस्य पदक

**हिसार।** हाल ही में फरीदाबाद में हुई हरियाणा स्कूल राज्य बैडमिंटन प्रतियोगिता में स्थानीय शटल मास्टर बैडमिंटन एकेडमी के खिलाड़ी दिवित अरोड़ा ने अंडर-14 (ब्वॉयज) में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतकर अपना व एकेडमी का नाम रोशन किया है। कोच साहिल थरेजा ने बताया कि एकेडमी के अनेक खिलाड़ी समय-समय पर अपने-अपने भार वर्ग में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न मैडलों को अपनी झोली में डाल रहे हैं। कोच साहिल थरेजा ने दिवित अरोड़ा के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# मत्स्य पालन आत्मनिर्भर भारत की नई ताकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा जलीय अनुसंधान केंद्र मैं मत्स्य पालन प्रशिक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया। इसमें प्रदेशभर से लगभग 120 किसान और विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थी शामिल हुए। मुख्य वक्ता वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सुरेश कुमार ने कहा कि भारत आज मत्स्य उत्पादन में अग्रणी देशों में शामिल हो चुका है।

मत्स्य पालन किसानों की आय बढ़ाने, युवाओं को रोजगार देने और देश की अर्थव्यवस्था को गति देने का सशक्त साधन बन रहा है। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाली पीढ़ी के लिए मत्स्य पालन आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने में अहम भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य डॉ संदीप, डॉ. अनिल गाबा तथा अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।



हिसार। कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता। फोटो : हरिभूमि

# गीत-संगीत से ग्रामीणों को नशामुक्ति और स्वच्छता के बारे में किया प्रेरित

- सेवा पखवाड़ा 17 सितम्बर से 2 अक्तूबर तक पूरे देशभर में मनाया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

सेवा पखवाड़े के अंतर्गत सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की ओर से लोक कलाकारों की टीम ने जिले के कई गांवों का दौरा कर नागरिकों को जागरूक किया। यह अभियान गांव चिकनवास, जगान, खासा महाजन, कालीरावण, ढाणी ठाकरिया और ढाणी राजू सहित आसपास के क्षेत्रों में आयोजित किया गया। लोक कलाकारों ने ग्रामीणों को बताया कि सेवा पखवाड़ा 17 सितम्बर से 2 अक्तूबर तक पूरे देशभर में मनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य नागरिकों में समाज सेवा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे विषयों पर जन-जागरूकता फैलाना है। लोक कलाकारों में स्टेज मास्टर महावीर शर्मा, भजन पार्टी से लीडर तेजपाल, कृष्ण कुमार, आशीष कुमार, राजेंद्र कुमार, अनूप, बीपीडब्ल्यू करतार और ढोलक वादक कृष्ण कुमार आदि ने गीत-संगीत, नाटक, भजन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से किया जागरुक।



हिसार। ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं बारे जागरूक करते विभागीय लोक कलाकार। फोटो : हरिभूमि

## सड़क के बारे में किया जागरुक

**हिसार।** रॉयल सैनिक स्कूल खारा खेड़ी में फतेहाबाद जिला ट्रैफिक पुलिस प्रभारी सब इंस्पेक्टर धर्मचंद द्वारा एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्कूल निदेशिका डॉ. ज्योत्स्ना, प्रशासक श्री विक्रमादित्य, सैनिक स्कूल कमांडेंट कर्नल (डॉ.) डीवी नेहरा ने विद्यालय परिसर में पहुंचने पर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान सब इंस्पेक्टर धर्मचंद ने बच्चों को सड़क सुरक्षा से जुड़े चेतावनी संकेतों,अनिवार्य संकेतों तथा सूचना संकेतों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने समझाया कि सड़क पर चलते समय इन संकेतों का पालन करना हम सबकी सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं नियमों का पालन करें और दूसरों को भी प्रेरित करें।



हिसार। विद्यार्थियों को जागरूक करते वक्ता। फोटो: हरिभूमि



हिसार। पंजाबी भवन में कथा सुनते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

## भागवत कथा में कृष्ण जन्मोत्सव मनाया

**हिसार।** पंजाबी भवन में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दौरान गुरुवार को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कथा वाचक आचार्य राजेंद्र महाराज, वृंदावन ने भागवत के महत्व को समझाते हुए कहा कि जीवन के एक पड़ाव पर आकर हर व्यक्ति को अपना समय भगवान की भक्ति में लगाना चाहिए। जैसे ही कथा के दौरान श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग आया, पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया और श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूम उठे। कथा स्थल पर हर ओर "नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की" के जयघोष गूंज उठा।

प्रतियोगिता में तनीषा ने मिस फ्रैशर का खिताब जीता

# 'अमृता देवी भवन' में 'अभिनंदन 2025' का भव्य आयोजन



- गुजवि में शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अन्य गतिविधियों पर भी जोर : डॉ. वंदना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की प्रथम महिला डा. वंदना बिश्नोई ने कहा है कि गुजवि में अध्ययन का अवसर मिलना गौरव की बात है। गुजवि इस समय हरियाणा का नम्बर-1 विश्वविद्यालय है। यहां शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए गतिविधियों पर भी बल दिया जाता है। डा. वंदना बिश्नोई विश्वविद्यालय के महिला छात्रावास 'अमृता देवी भवन में नव आगंतुक छात्राओं के स्वागत में आयोजित कार्यक्रम 'अभिनंदन 2025' को संबोधित कर रही थी। विशिष्ट अतिथि के रूप में रजनी शर्मा एवं पंकज संधीर उपस्थित रही। स्वागत सम्बोधन चीफ वार्डन प्रो. सुजाता सांघी ने किया तथा अध्यक्षता सहायक चीफ वार्डन डा. विनीता ने की। इस अवसर पर मिस फ्रैशर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। छात्राओं ने उत्साह और आत्मविश्वास से इस प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। तनीषा ने मिस फ्रैशर का खिताब जीता। दीपिका को मिस प्रर्सनेलिटी, समता को मिस ग्रेस, अंशु को मिस कांफिडेंट और यशस्विनी को मिस फोटोनिस्टा ट्रेंड चुना गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने संगीत नृत्य एवं नाटय आदि विधाओं की मोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी।



हिसार। मिस फ्रैशर की विजेता छात्रा को सम्मानित करती मुख्यातिथि डा. वंदना बिश्नोई व कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गांव खरकड़ी में नया पंचायती तालाब मछली पालन हेतु नीलामी गांव खरकड़ी के लाइब्रेरी भवन में दिनांक 26 सितम्बर 2025 को समय 11 बजे की जाएगी। नीलामी के लिए बोलीदाता को धरोहर राशि के रूप में 1,00,000 रूपए मौके पर जमा करवाने होंगे। पट्टे की समय अवधि आठ वर्ष की होगी। बाकि शर्तें मौके पर सुनाई जाएगी।

सरपंच ग्राम पंचायत खरकड़ी, हिसार -1
मोबाइल नंबर 9896910111

## खबर संक्षेप

### एनसीसी कैडेट्स ने किया रिसाइक्लिंग प्लांट का दौरा

**हिसार।** दयानंद कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स एवं एनसीसी अधिकारी ने नगर निगम के कार्यकारी अभियंता जयवीर सिंह के नेतृत्व में ढ़ूंढूर गांव स्थित नगर निगम द्वारा संचालित कचरा रिसाइक्लिंग प्लांट का दौरा किया। इस शैक्षिक भ्रमण का उद्देश्य युवाओं को कचरे के पुनर्चक्रण एवं अपशिष्ट प्रबंधन की प्रक्रिया से अवगत कराना था। इस अवसर पर कार्यकारी अभियंता जयवीर सिंह ने कैडेट्स को कचरे के संग्रहण, पृथक्करण और पुनर्चक्रण की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर थर्ड हरियाणा बटालियन से सूबेदार उस्मान, हवालदार भोला सिंह तथा नगर निगम से प्रदीप जाखड़ तथा जसबीर कुंडू मौजूद रहे।

### प्रदीप बने अंतरराष्ट्रीय ब्राह्मण महासंस्था के सलाहकार

**हिसार।** प्रदीप कुमार शर्मा को अंतरराष्ट्रीय ब्राह्मण महासंस्था का हरियाणा प्रदेश समिति सलाहकार नियुक्त किया गया है। मूल रूप से नारनौंद हलके के पेटवाड़ गांव के निवासी सीनियर एडवोकेट प्रदीप कुमार शर्मा को उनकी समाजसेवा, शांतिप्रिय विचारधारा और सामाजिक समर्पण को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय ब्राह्मण महासंस्था द्वारा हरियाणा प्रदेश समिति सलाहकार पद पर नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर प्रदीप कुमार शर्मा ने संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश दुबे का आभार जताया है।

### स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार स्वास्थ्य शिविर लगाया

**हिसार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आर्यनगर के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. रोशन लाल शर्मा के पर्यवेक्षण में गांव चौधरीवास स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में "स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार स्वास्थ्य शिविर" का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ ग्राम पंचायत चौधरीवास के सरपंच अशोक कुमार ने किया। इस विशेष स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सा महाविद्यालय, अग्रोहा से डॉ. मेहुल, डॉ. अशीष, डॉ. स्वर्णिमा सिंह, डॉ. मेहक एवं डॉ. तृप्ति ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में कुल 582 लाभार्थियों ने स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त की।

### विश्वकर्मा जयंती पर ऑटो मार्केट धर्मशाला में हवन

**हिसार।** विश्वकर्मा जयंती पर विश्वकर्मा धर्मशाला ऑटो मार्केट में विश्वकर्मा सभा द्वारा हवन व पूजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभा के पदाधिकारियों व ऑटो मार्केट के मिस्त्रियों ने भगवान विश्वकर्मा की आरती में भाग लिया व उनसे अपना आशीर्वाद बनाए रखने की प्रार्थना की।

### फ्लेमिंगो एवं ब्लू बर्ड पर्यटन केंद्र में कार्यक्रम

**हिसार।** दो अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा के तहत पर्यटन विभाग द्वारा विरासत की हिफाजत अभियान चलाया गया है। इसके तहत पर्यटन केंद्रों ने आंतरिक एवं बाहरी साफ-सफाई के साथ-साथ पार्क एवं पौधों की कटाई-छंटाई का कार्य किया। हिसार के प्रबंधक संदीप कुमार ने बताया कि वीरवार को पर्यटन केंद्रों में 75 पौधे लगाए गए, 75 विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक पेंटिंग बनाई गई तथा 75 प्रकार के व्यंजन बनाए गए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक जिम्मेदारी नहीं बल्कि यह सभी की सामूहिक भागीदारी से संभव है। उन्होंने बताया कि यह अभियान लगातार 16 दिन तक चलेगा।

## ग्रामीणों और समाज ने जांच पर जताया संतोष

## दूसरी बार पहुंची सीएम फ्लाइंग टीम

# खटीक समाज धर्मशाला निर्माण राशि में गड़बड़ी

- अधिकारियों ने शीघ्र निर्माण कार्य शुरू करवाने का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

जिले के गांव बालसमंद में खटीक समाज की धर्मशाला निर्माण राशि में गड़बड़ी के आरोपों की जांच करने सीएम फ्लाइंग टीम गांव में दूसरी बार पहुंची। खटीक समाज की शिकायत पर पहुंची टीम ने मौके पर पहुंचकर न केवल धर्मशाला का निरीक्षण किया बल्कि खटीक समाज के लोगों व संबंधित अधिकारियों से विस्तृत बातचीत कर रिकॉर्ड भी खंगाला। खटीक समाज के सुनील कुमार ने गुरुवार को बताया कि खटीक समाज धर्मशाला कमेटी व खटीक समाज ने आरोप था कि सरकार की ओर से धर्मशाला के कमरे निर्माण के लिए 10 लाख 57 हजार रुपये की अनुदान राशि स्वीकृत की गई थी, लेकिन पिछले दो-तीन वर्षों से धर्मशाला में किसी प्रकार का निर्माण कार्य दिखाई नहीं दे रहा है।



हिसार। खटीक समाज के लोगों से बातचीत करती सीएम फ्लाइंग टीम।

### धर्मशाला में निर्माण कार्य नहीं मिला

खटीक समाज को जानकारी मिली थी कि अधिकारियों व कुछ लोगों की मिलीभगत से अनुदान राशि का फर्जी तरीके से उपयोग कर गबन किया गया है। इस संबंध में खटीक समाज ने सरकार को शिकायत भेजकर निष्पक्ष जांच की मांग की थी। सुनील कुमार ने बताया कि गुरुवार को शिकायत पर कार्रवाई करते हुए सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना अपनी टीम के साथ गांव पहुंची। इस मौके पर जिला परिषद एसडीओ विजय सिंह, जेई मोहित, एएसआई सुरेंद्र और एचसी विजय, पूर्व जेई ऋषि तथा समाज व गांव के अनेक गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। टीम ने पहले धर्मशाला का निरीक्षण किया, जहां यह पाया गया कि मौके पर किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं हुआ है।

### धर्मशाला निर्माण अनुदान सुरक्षित

जिला परिषद अधिकारियों ने टीम को बताया कि खटीक समाज की धर्मशाला निर्माण के लिए मंजूर की गई राशि में से कुछ रकम केवल निर्माण सामग्री के लिए एक फर्म को एडवांस भुगतान के तौर पर दी गई थी। अनुदान राशि पूरी तरह सुरक्षित है। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि खटीक समाज की सहमति से शीघ्र ही इस अनुदान राशि का उपयोग कर धर्मशाला में निर्माण कार्य शुरू करवा दिया जाएगा। जांच के बाद खटीक समाज के लोगों सुनील कुमार, बंसीलाल, गोपीराम, रमन, जीवन सिंह, देवकरण और राममेहर पेंटर ने कहा कि उनकी शिकायत पर निष्पक्ष जांच करने के लिए वे सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इन्चार्ज सुनैना व उनकी टीम के आभारी हैं। अब उन्हें विश्वास हो गया है कि अनुदान राशि पूरी तरह सुरक्षित है और जल्द ही धर्मशाला में कमरे का निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। ग्रामीणों व खटीक समाज ने इसके लिए सरकार और सीएम फ्लाइंग टीम का धन्यवाद किया।

## खेल जीवन जीने की कला को सिखाता है: भयाना

- विधायक विनोद भयाना ने खेल ध्वज फहराकर किया मंडल स्तरीय श्रमिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

विधायक विनोद भयाना ने गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय में स्थित महाराणा प्रताप स्टेडियम में आयोजित मंडल स्तरीय श्रमिक खेलकूद प्रतियोगिता का खेल ध्वज लहराकर विधिवत रूप से शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्रम विभाग की उप श्रम आयुक्त शशि कला, उपनिदेशक रविंद्र मलिक, अशोक तथा एएलसी कुलदीप सिंह सहित विभाग के कई अधिकारी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि विधायक विनोद भयाना ने प्रतियोगिता में मौजूद पांच जिलों के खिलाड़ियों, अधिकारियों ,कर्मचारियों तथा खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल मनोरंजन या शारीरिक व्यायाम का माध्यम नहीं हैं यह हमें जीवन जीने की कला सिखाता है।

## शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य दोनों ही जीवन के लिए जरूरी



हिसार। खिलाड़ियों से परिचय लेते मुख्य अतिथि विधायक विनोद भयाना।

### 17 टीमें ले रही हिस्सा

खेल कूद प्रतियोगिता में हिसार, सिरसा, फतेहाबाद, दादरी तथा भिवानी जिला से महिला तथा पुरुष वर्ग की 17 टीमें हिस्सा ले रही है। प्रतियोगिता में कुश्ती, कबड्डी, दौड़, गोला फेक, वॉलीबॉल तथा रस्साकसी इत्यादि खेल प्रतियोगिताएं करवाई जा रही हैं। प्रतियोगिता का का शुभारंभ करने के उपरांत में विधायक ने सभी 17 टीमों के खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनका परिचय लिया। इस अवसर पर विनोद सैनी, कृष्ण तनेजा, रवि अरोड़ा, दीपक सुलतानपुर तथा अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# मोदी के जन्मदिन पर किया रक्तदान

- 112 युवाओं-महिलाओं ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य में हांसी भाजपा जिला इकाई ने रक्तदान व स्वास्थ्य जांच शिविर तथा सेवा और जनकल्याण को समर्पित कार्यक्रम आयोजित किया। तोशाम चुंगी स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में रक्तदान शिविर और स्वास्थ्य जांच कैंप लगाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। और रक्तदान शिविर में 112 युनिट रक्त संग्रहण किया गया। रक्तदान व स्वास्थ्य जांच शिविर कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक सैनी ने रिबन काट कर किया।



हांसी। शिविर में रक्तदान करते युवा की हौसला अफजाई करते पूर्व सांसद जनरल डी पी वत्स व अन्य।

## भगवान विश्वकर्मा निर्माण व सृजन के अधिष्ठाता

- विधायक चंद्रप्रकाश ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा करके जनकल्याण की कामना की
- विधायक ने विश्वकर्मा पूजन दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों में की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

आदमपुर से विधायक चंद्रप्रकाश ने भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत की। उन्होंने भगवान विश्वकर्मा की पूजा करते हुए जनकल्याण की कामना की। नीमकाथाना में स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर में आयोजित विश्वकर्मा पूजा में चंद्रप्रकाश ने मुख्यातिथि के रूप में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने हवन में आहुति डालते हुए भगवान विश्वकर्मा की आराधना की।



हिसार। विश्वकर्मा पूजन दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेते विधायक चंद्रप्रकाश। *फोटो: हरिभूमि*

### विश्वकर्मा पूजा दिवस पर सामाजिक सद्भाव सम्मेलन

*विधायक चंद्रप्रकाश ने खंडेला विधानसभा में विश्वकर्मा समाज द्वारा आयोजित विश्वकर्मा पूजा दिवस कार्यक्रम एवं श्री विश्वकर्मा कल्याण समिति सीकर द्वारा श्री विश्वकर्मा पूजा दिवस पर सामाजिक सदभाव सम्मेलन, प्रतिभा सम्मान समारोह व स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में हिस्सा लेकर आयोजकों का हौसला बढ़ाया। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में चंद्रप्रकाश को फूल मालाएं व पगड़ी पहनाकर एवं स्मृति चिह्न प्रदान करके सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा के दिखाए मार्ग पर चलते हुए विश्वकर्मा समाज देश के विकास में अपना योगदान दे रहा है।*

# हर व्यक्ति रक्तदान अवश्य करें: अजय सिंधु

- सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा कार्यालय के प्रांगण में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा नेता अजय सिंधु, जिला महामंत्री बिजेंद्र लोहान, मंडल प्रधान करणपाल पेटवाड़ ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

उन्होंने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में गुरुवार को रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें कार्यकर्ताओं ने बढ़कर हिस्सा लिया। साथ ही यह भी शपथ ली कि वह भविष्य में भी रक्तदान करते रहेंगे। रक्तदान करने से मनुष्य के शरीर में कोई कमी नहीं आती बल्कि रक्त का संचार और ज्यादा बढ़ता है। इसलिए हर व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवनकाल पर एक प्रदर्शनी लगाई गई है। उसमें उनके संघर्ष की कहानी बयां करती है कि उन्होंने जमीन से उठकर देश प्रधानमंत्री तक का सफर कैसे तय किया। भाजपा सरकार ने देश को आगे बढ़ाने के लिए अनेक ऐसी बड़ी परियोजनाएं शुरू की है जिससे कि आम आदमी को राहत मिली है। और विदेशों में देश को अलग पहचान मिली है।



नारनौंद। रक्तदाताओं का मनोबल बढ़ाते हुए भाजपा नेता अजय सिंधु व जिला महामंत्री बिजेंद्र लोहान।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अशोक सैनी, चेयरमैन शमशेर कूकन, कर्णपाल पेटवाड़, पार्षद सुनील बैरागी, सोनू सैनी, ईश्वर बडाला, दीपक लोहान, राजबीर खेड़ीवाला, सुधीर पांचाल, अमरजीत लोहान, कुलदीप गौतम, नरेश वर्मा, सुरेश एमसी, महावीर श्योराण, संदीप मान, शमशेर सैनी, सुनील पनिहार, चांदी मान, अंग्रेजों, सरला नाड़ा, भीरा सोनी आदि मौजूद थे।

## नवनिर्वाचित सर्कल सचिव श्योराण और केन्द्रीय सह सचिव लौरा का स्वागत



**हिसार।** एचएसईबी वर्कर्स यूनियन (मुख्यालय भिवानी) हिसार सर्कल की यूनिट नंबर 2 की सब डिवीजन बालसमंद के कर्मचारियों ने नवनिर्वाचित सर्कल सचिव दलबीर श्योराण व केंद्रीय सह सचिव प्रदीप लौरा का पगड़ी व फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान विकास झाझड़िया ने की जबकि मंच संचालन सचिव संदीप शर्मा ने किया। इस अवसर पर दलवीर श्योराण ने कहा कि तीसरी बार कर्मचारियों ने निर्विरोध चुनकर उन्हें जो सम्मान दिया है, उसके लिए वह सदैव आभारी रहेंगे। केंद्रीय सह सचिव प्रदीप लोरा ने कहा कि कर्मचारियों के हितों की लड़ाई के लिए वे सदैव तैयार रहेंगे।

# रूपेश-विक्रम को वर्धमान में नौकरी

- टेक्सटाइल डिजाइज के 2 छात्रों को मिली प्री-प्लेसमेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी संस्थान के टेक्सटाइल डिजाइन विभाग के छात्रों ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के बल पर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। देश की अग्रणी कंपनी वर्धमान टेक्सटाइल्स लिमिटेड ने विभाग के दो छात्रों रूपेश सैनी और विक्रम को प्री-प्लेसमेंट ऑफर के तहत जॉब सिलेक्शन किया है।

एटीपीओ सुनील भूटानी ने बताया कि छात्रों ने वर्धमान टैक्सटाइल्स में अपनी समर ट्रेनिंग के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए खुद को साबित किया, जिसके आधार पर तीन छात्रों को प्री - प्लेसमेंट के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया। इसके बाद तकनीकी लिखित परीक्षा में टेक्सटाइल डिजाइज विभाग से दो छात्र रूपेश और विक्रम ने सफलता प्राप्त की और कंपनी ने उन्हें प्रोसेसिंग डिपार्टमेंट में 3.80 लाख रुपये वार्षिक पैकेज पर अगस्त 2026 में जॉइनिंग होगी।



हिसार। संस्थान के प्रधानाचार्य परितोष पाराशर के साथ चयनित विद्यार्थी। *फोटो: हरिभूमि*

### ये रहे मौजूद

संस्थान के प्रधानाचार्य परितोष पाराशर ने इस उपलब्धि को 2026 बैच के लिए पहला चयन बताते हुए इसे संस्थान के लिए गौरवपूर्ण क्षण कहा। इस अवसर पर विभाग की शिक्षिका रेखा शर्मा, तथा प्राध्यापक सुनील भूटानी, संदीप भैरवानं भी उपस्थित रहे।

# जेसीआई इंडिया स्कॉलरशिप छह छात्राओं को मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद

**जेसीआई ने योग्य छात्राओं के चयन और अनुशंसा की सराहना की।**

परम मित्र कन्या विद्या निकेतन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खांडा खेड़ी की छह होनहार छात्राओं ने एक और उपलब्धि हासिल की है। विद्यालय की छात्राओं का चयन प्रतिष्ठित जेसीआई इंडिया फाउंडेशन स्कॉलरशिप 2025 के लिए हुआ है। स्कूल के प्रशासक मनदीप सिंधु ने बताया कि इस सम्मान को पाने वाली स्कूल की छात्राएं साक्षी, ऋधि, दीप्ती, प्रीति, प्राची और अन्नु हैं। सभी छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। जेसीआई ने विद्यालय द्वारा योग्य छात्राओं के चयन और अनुशंसा की सराहना की। जेसीआई के अध्यक्ष जेसी जेएस सारंग ने सभी चयनित छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि ग्रामीण अंचल के विद्यार्थी हर प्रतिभा से निपुण है।



नारनौंद। होनहार छात्राओं को सम्मानित करते मुख्य अतिथि।

## अग्रसेन भवन ट्रस्ट के फैसले के खिलाफ इवेंट एसोसिएशन ने दिया धरना

**हिसार।** महाराजा अग्रसेन भवन ट्रस्ट के एक फैसले के विरोध में इवेंट एसोसिएशन के सदस्यों ने धरना देकर रोष जताया। धरनारत पदाधिकारी व सदस्य ट्रस्ट द्वारा टेंट, लाइटिंग और डेकोरेशन का काम एक ही व्यक्ति को सौंपने का विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि इससे सैकड़ों परिवारों की आजीविका प्रभावित होगी। उधर, ट्रस्ट के प्रधान अंजनी कुमार का कहना है कि यदि इस फैसले से किसी को नाराजगी है या रोजी-रोटी का सवाल खड़ा होता है, तो इसे जल्द ही वापस ले लिया जाएगा। इवेंट एसोसिएशन के आह्वान पर पदाधिकारियों व सदस्यों ने गुरुवार सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक सांकेतिक धरना दिया। अनूप बिंदल और सतीश गोयल ने बताया कि ट्रस्ट के इस निर्णय से लगभग 500 परिवारों का रोजगार छीन जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

## वार्ड 14 स्थित एमआरएफ सेंटर का निगमायुक्त नीरज ने किया निरीक्षण, दिए दिशा निर्देश

# स्वच्छता अभियान को नई रफ्तार, वार्ड 14 को जीरो वेस्ट बनाने की कवायद तेज

## हर टिपर के साथ दो अतिरिक्त कर्मचारी अनिवार्य रूप से मौजूद रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणा में स्वच्छता अभियान के तहत नगर निगम ने वार्ड 14 को 'जीरो वेस्ट ज़ोन' बनाने की मुहिम को और तेज कर दिया है। इस दिशा में ठोस कदम उठाते हुए निगमायुक्त नीरज ने महात्मा गांधी अस्पताल के पास स्थित मैटीरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) सेंटर का निरीक्षण किया। उनके साथ अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा, सीएसआई राजकुमार, एएसआई, टिपर चालक और अन्य कर्मचारी भी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने साफ निर्देश दिए कि निगम के सभी वाहनों में सेग्रिगेट कचरा डाले। इसके साथ ही उन्होंने यह भी आदेश दिए कि हर टिपर के साथ दो अतिरिक्त कर्मचारी अनिवार्य रूप से मौजूद रहेंगे। ये कर्मचारी घर-घर जाकर लोगों को गीला और सूखा कचरा अलग-अलग डस्टबिन में डालने के लिए जागरूक करेंगे। एमआरएफ सेंटर को इस तरह से विकसित किया जा रहा है जहां कचरे की समुचित छंटाई और प्रोसेसिंग हो सके। सेंटर में गीले कचरे से कंपोस्ट (खाद) बनाई जाएगी, वहीं सूखे कचरे को रीसाइक्लिंग के लिए अलग-अलग किया जाएगा।



हिसार। दिशानिर्देश देते निगमायुक्त नीरज। *फोटो: हरिभूमि*

### निगमायुक्त नीरज की अपील

निगमायुक्त नीरज ने कहा कि नागरिकों की भागीदारी के बिना यह अभियान सफल नहीं हो सकता। उन्होंने वार्ड वासियों से अपील की कि वे कचरे को सही तरीके से अलग-अलग करके नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों में ही डाले। शहर को स्वच्छ रखने में सहयोग करें। यह पहल सिर्फ साफ-सफाई का कार्य नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक होने की दिशा में कदम है।

## पठन कौशल प्रतियोगिता में सोमा रही प्रथम

**हिसार।** छाजूराम शिक्षण महाविद्यालय में हिंदी दिवस के अवसर पर पठन कौशल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।। प्रतियोगिता में सोमा प्रथम, किरण द्वितीय एवं मोनिया तृतीय स्थान पर रहीं। इस अवसर पर पीएम श्री स्कूल गंगवा के प्रधानाचार्य जय भगवान, गोरखनाथ गवर्नमेंट कॉलेज की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ सुनीता बामल ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई।विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्या प्रोफेसर उर्मिला मलिक ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों की पठन क्षमता, अभिव्यक्ति और आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। जय भगवान ने शिक्षण कार्य को सर्वोपरि बताते हुए कि विद्यार्थियों को शिक्षण कार्य के क्षेत्र का चयन करने पर बधाई दी।